101/2019

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इतिशियल्य जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15.5.24	पत्रावली वादी मय वकील के प्रार्थना पत्र वास्ते पत्रावली आज पेशी तारीख पर लेने बाबत पेश हुई। साथ ही प्रार्थना पत्र वास्ते वाद पत्र विड्रोल करने बाबत पेश की गई। जिस पर वकील वादी की बहस सुनी गई। जिन्होंने बहस निवेदन किया कि विवादित भूमि के संबंध में हस्तगत प्रकरण वादी द्वारा लाया गया था। चूंकि लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर पक्षकारान के मध्य विवाद अब नहीं रहे हैं इस कारण वादी अपना वाद पत्र आगे चलाना नहीं चाहता है। अतः वादी का वाद पत्र हक व अधिकारों को सुरक्षित रखते हुए वाद विड्रोल करवाना चाहते हैं इस कारण पत्रावली आज पेशी तारीख पर ली जाकर वाद-पत्र विड्रोल खारिज करवाया जावें। हमने वकील वादी की बहस सुनी और बहस पर मनन पश्चात पाया कि हस्तगत प्रकरण में प्रतिवादी के विरुद्ध उक्त तथ्य कार्यवाही पारित हो रही है। वादी हस्तगत प्रकरण को आगे चलाना नहीं चाहता है ऐसी सूरत में प्रार्थना पत्र - पत्रावली पेशी तारीख पर लेने बाबत स्वीकार कर पत्रावली आज पेशी तारीख पर ली जाती है तत्पश्चात प्रार्थना पत्र वाद-पत्र विड्रोल करने बाबत का विचार किया जा रहा है। जिसमें पाया कि वादी स्वयं अपना वाद-पत्र आगे चलाना नहीं चाहता है। ऐसी सूरत में वाद-पत्र को आगे चलाने का औचित्य प्रतीत नहीं होता है। लिहाजा प्रार्थना पत्र स्वीकार की जाकर वादी का वाद-पत्र इसी अनके हक व अधिकारों को सुरक्षित रखते हुए इसी स्टेज पर खारिज किया जाता है। पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर (S.D.O.) बालोतरा	अ.नि. [illegible]